**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०**

**(राज्यपाल सूचना परिसर )**

-----

**राज्यपाल ने जनपद वाराणसी में किया विभिन्न नवीन कार्यों का शुभारंभ**

------

**राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु 600 आंगनबाड़ी कीटों का किया वितरण**

------

**आंगनबाड़ी किट से संतृप्त होने वाला पहला जिला बना वाराणसी**

------

**राज्यपाल ने किया दिव्यांग साथी पोर्टल का शुभारंभ**

------

**राज्यपाल ने किया सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों एवं इन्सिनेरेटर का वितरण**

-------

**राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर संस्कार की पाठशाला हेतु स्वैच्छिक सेवायें दे रहे महानुभावों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

------

**माननीय राज्यपाल द्वारा नित नए नवाचार हेतु जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया**

------

**गैस अथारिटी (गेल) इण्डिया लि0 के साथ 6 करोड़ की लागत से 04 समझौता हस्तांतरण किया गया**

------

**नेशनल स्टाक एक्सचेंज के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में समझौता ज्ञापन का हस्तान्तरण**

------

**आंगनबाड़ी केंद्रों पर अच्छे से खाने पकाकर बच्चों को पौष्टिक आहार दें ताकि बच्चों को कुपोषित होने से बचाया जा सके**

------

**गांव का कोई बच्चा नहीं छूटने पाये, ये सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचायें**

------

**-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

**लखनऊः 10 मार्च, 2025**

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज मंडलायुक्त सभागार, जनपद वाराणसी में कई नवीन कार्यों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में गैस अथॉरिटी (गेल) इंडिया लिमिटेड के साथ 6 करोड़ रुपये की लागत से चार समझौता ज्ञापन तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित समझौता ज्ञापन संपन्न हुए जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। राज्यपाल जी ने दिव्यांग साथी पोर्टल का शुभारंभ किया। इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के सहयोग से प्रधानाचार्यों को सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों एवं इन्सिनेरेटर तथा गैस अथॉरिटी (गेल) इंडिया लिमिटेड के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु 600 आंगनबाड़ी कीटों का वितरण किया। इसके साथ ही सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों पर संस्कार की पाठशाला हेतु

स्वैच्छिक सेवायें दे रहे 5 महापुरुषों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

माननीय राज्यपाल जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में स्थित लगभग सभी दो हजार से ज्यादे आंगनबाड़ी केंद्रों का सुदृढ़ीकरण आज पूरा हो जायेगा। उन्होंने 1998 में अपने गुजरात सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु किये गये प्रयासों की जानकारी सभी को दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गांव की महिलाओं को केंद्रों में वरीयता दी गयी ताकि कार्यों को गति दी जा सके। उन्होंने केंद्रों पर अच्छे से खाना पकाने, बच्चों को पौष्टिक आहार देने को कहा ताकि बच्चों को कुपोषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने बेटा-बेटी में भेदभाव न करने का संदेश देते हुए बच्चियों को शिक्षित करने तथा उनके स्वास्थ्य की देखभाल करने तथा बच्चियों के भविष्य की जिम्मेदारी संभालने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव का कोई बच्चा नहीं छूटने पाये, ये सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है की बच्चों को केंद्रों तक पहुंचाये।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की सुपरवाइजर, सीडीपीओ तथा कार्यकत्रियों को अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करने को कहा। कार्यकत्रियों को बच्चियों के स्वास्थ परीक्षण, उनके खेल, योग, आदि पर ध्यान देते हुए विद्यालयों में लगातार हेल्थ कैंप लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मजबूत होना चाहिये तभी परिवार आगे बढ़ेगा। महिलाएं किसी बीमारी को छुपाएं नहीं, जानकारी होते ही तुरन्त उसके उपचार हेतु प्रयास करें ताकि ससमय उसका इलाज किया जा सके। आज एन0एस0ई0 द्वारा भी एक समझौता किया गया है जिसमें महिलाओं को भी शेयर मार्केट की भी जानकारी दी जायेगी की किस प्रकार पैसे को कैसे निवेश करें ताकि उसका उचित लाभ मिल सके। उन्होंने सभी को इसकी जानकारी देने को कहा ताकि आमजनों को भी इसका लाभ मिल सके जिससे वो अपने परिवार को आगे ले जा सकें।

उन्होंने प्रशासन के प्रयास संस्कार की पाठशाला की भी तारीफ करते हुए इसको और आगे बढ़ाने को कहा। उन्होंने दिव्यांग साथी पोर्टल पर शकुंतला पुनर्वास विश्वविद्यालय को भी जानकारी उसमें अंकित करने को कहा ताकि लोगों को उक्त विद्यालय की जानकारी हो सके जिससे दिव्यांग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने एसबीआई, गेल, एनएसई को वाराणसी में सुदृढ़ीकरण के कार्य पूरे होने के बाद अब नये जिलों के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ करने के प्रयास करने को कहा। उन्होंने बताया की अयोध्या में कुल नये 75 आंगनबाड़ी केंद्र बनने की शुरुआत हुई है। जहां भी केंद्र नहीं है वहाँ आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

माननीय राज्यपाल द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर "संस्कार की पाठशाला" हेतु स्वैच्छिक सेवाएँ दे रहे 05 महानुभावों को प्रशंसा पत्र देकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसमें प्रशासन के

प्रयास से शुरू की गयी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा संस्कार पाठशाला में श्रीमती कांति देवी जिनके द्वारा बच्चों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई सिखाई जाती है। पूर्व सैनिक समसुदिन द्वारा बच्चों को अनुशासन, सुशीला देवी द्वारा गायन तथा तारा देवी द्वारा सिगरा पाठशाला पर पढ़ाई-लिखाई सिखाकर बच्चों को संस्कारित किया जाता है।

माननीय राज्यपाल के संबोधन से पूर्व कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी द्वारा माननीय राज्यपाल को मातृत्व एवं ममता की खान बताते हुए उनके प्रयासों की सराहना की गयी। उन्होंने माननीय राज्यपाल के गुजरात में कराये गये कार्यों के तरफ भी सबका ध्यान दिलाया।

सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह द्वारा माननीय राज्यपाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आज के पावन पर्व रंगभरी एकादशी की बधाई देते हुए केंद्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु उनके प्रयास की सराहना की गयी।

जिलाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद हंसराज विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विभिन्न एमओयू हस्तांतरण, आंगनबाड़ी केंद्रों को किट वितरण तथा दिव्यांग साथी पोर्टल शुभारंभ के लिये सभी को बधाइयां दी गयी। उन्होंने जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी के कार्यों की भी तारीफ की। उन्होंने सभी को रंगभरी एकादशी की बधाई दी।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी का स्वागत करते हुए राज्यपाल के प्रति वाराणसी में इतने सारे एमओयू के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा बताया कि किस प्रकार केंद्रों के सुदृढ़ीकरण से बच्चों की संख्या भी केंद्रों पर बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज लांच हुए दिव्यांग साथी पोर्टल से दिव्यांग लोगों को सभी सुविधाओं का लाभ एक पोर्टल पर मिलेगी। अकाउंटिंग सिस्टम से महिला समूहों को अपने लेखा-जोखा में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि एनएसई के पोर्टल से सभी को स्टॉक एक्सचेंज की जानकारी मिलेगी जिससे उनको भविष्य में अच्छे करियर की राह आसान होगी। एसबीआई द्वारा महिला सशक्तिकरण पर किये जा रहे कार्यों की तारीफ की गयी।

माननीय राज्यपाल द्वारा नित नए नवाचार हेतु जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल द्वारा माननीय राज्यपाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते बताया गया कि आईसीडीएस में वाराणसी लगातार प्रथम स्थान रखता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्य, विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक

सौरभ श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल समेत एनएसई, एसबीआई, गेल के अधिकारी उपस्थित रहे।

------

डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9161668080



























